तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024



12 सपना बनकर रह गया पाररास रेल्वे फाटक पर ओवर ब्रिज...


11 खनिज न्यास की राशि का उपयोग पेयजल...









## खबर संक्षेप

### आईटीआई में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम हुआ



**बालोद।** वीरांगना रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती पर जनजातीय गौरव स्मृति का कार्यक्रम का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा में किया गया। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा ने बताया कि जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान का जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम पर विभिन्न आयोजन हुए। आयोजन में विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत संदस्य होरी लाल रावटे, मुख्य अभ्यागत पूर्व महामंत्री अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ केन्द्रीय महासभा टेकराम भण्डारी, तथा विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू सहित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौण्डीलोहारा के समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थीगण उपस्थित थे।

### कंवर चौकी पर शांति समिति की बैठक



**गुरूर।** चौकी कंवर में शांति समिति का मीटिंग हुई। चौकी कंवर प्रभारी लता तिवारी के साथ क्षेत्र के नागरिक व यादव समाज के लोग उपस्थित थे। जिसमें दीपावली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समझाइश दी गई। डांग डोरी आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया।

### मातर उत्सव पर होगी कबड्डी व चौसर स्पर्धा

**बालोद/निकुम।** सुभाष नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी खुर्सीपार के तत्वावधान में 4 नवम्बर को पांरपरिक राउत नाच कर मातर उत्सव में दोपहर 2 बजे कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता होगी। इसमें कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय 7001 रुपये, तृतीय 5001 रुपये व चतुर्थ 3001 रुपये व ट्राफी व चौसर में प्रथम पुरुस्कार 7001 रुपये, द्वितीय 5001 रुपये, तृतीय 3001 रुपये व चतुर्थ 2001 रुपये चौसर विजेताओं को दिया जायेगा। विदित हो कि अंचल में खुर्सीपार में मातर उत्सव की अलग ही पहचान है। वहीं रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाचा जय हिंद नाच पार्टी कटोरी कबीरधाम की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख नोखे बेलचंदन ने दी।

नाफरमानी: शासन की दुकान लगाने गाइड लाइन जारी, लेकिन कहीं भी पालन नहीं

# सरदार पटेल मैदान पर सजने लगीं पटाखों की दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के सबसे अधिक भीड़भाड़ व रिहायसी क्षेत्र में स्थित सरदार पटेल मैदान में आखिरकार पटाखे की दुकान नियम कायदों को ताक पर रख कर लगायी जा रही है। करीब 40 से अधिक पटाखे की दुकान यहां लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशासन ने पटाखे की दुकान लगाने वाले स्थानों में लोगों को जानमाल का नुकसान न हो इसके सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई नियम बनाए हैं। इसके लिए बाकायदा प्रेस नोट जारी किया गया। अब यह नियम सिर्फ कागजों पर ही दिख रहा है, जबकि धरातल पर हकीकत कुछ और ही है।

जिला प्रशासन द्वारा पटाखा दुकान लगने वाले स्थानों में सुरक्षा की दृष्टि से नियम का पालन करने की शख्त आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही कहा गया है कि पटाखा दुकानों में आग से बचाव के उपाय सुनिश्चित नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।





### एडवाइजरी जारी, लेकिन पालन नहीं

जारी आदेश में कहा गया है कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे– कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए, जबकि नगर में बन रहे पटाखा दुकानों के लिए स्टाल कपड़े व प्लास्टिक का टैंट लगाया जा रहा है। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर एवं एक दूसरे के सामने नहीं होनी चाहिए, यहां लगाए जा रहे दुकानों को एक दूसरे से सटाकर बनाया जा रहा है।

### दुकानें अधिक पार्किंग संकट बना

पटाखा दुकानों के सामने बाइक, कार की पार्किंग प्रतिबंधित किया गया है। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान होना चाहिए, लेकिन सरदार पटेल मैदान में दुकान की संख्या ही अधिक है, वहीं सरदार पटेल मैदान के आस पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण हर साल मैदान में ही बाइक व कार पार्किंग की जाती है, यही स्थिति इस वर्ष भी होने वाली है। जिसके कारण आपात स्थिति में अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त स्थान नहीं रहता। अब देखना यह है कि शासन अपने नियमों का पालन कराने में सफल होती है कि नहीं।

# माता-पिता ने मोबाइल नहीं खरीदकर दिया तो पुत्र ने जहर खाकर की खुदकुशी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नया मोबाइल नहीं खरीदने से नाराज 12वीं के छात्र ने जहर सेवन कर खुदकुशी कर लिया। लगभग 17 साल का छात्र अपने माता पिता से नया मोबाइल खरीदने की जिद करने लगा। वह मोबाइल नहीं देने पर विवाद करने लगा, जिस पर माता पिता ने मोबाइल नहीं खरीदने की बात कही, वहीं अगले दिन बालक स्कूल जाने के दौरान जहर सेवन कर घर से निकला जो रास्ते में ही गिर गया। इस दौरान आस पास के लोगों ने उसे उठाया तो बालक ने जहर सेवन कर लेने की बात कहते हुए अपने पिता को खबर देने की बात कही। घर वालों ने तत्काल बालक को धमतरी के अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

- 12वीं छात्र स्कूल जाते रास्ते में हुआ बेहोश तब मामला हुआ उजागर

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम तरौद का है, जहां भुनेश्वर कोसरे बुधवार की रात अपने माता पिता को नया मोबाइल खरीदने कहा, लेकिन माता-पिता ने मोबाइल खरीदने से मना कर दिए, इसके बाद छात्र विवाद करने लगा और सुबह माता पिता के काम पर निकलने के बाद जहर सेवन कर घर से स्कूल जाने निकल गया, जो रास्ते में गिर गया। जिसे आस पास के लोगों ने उठाकर हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया, धमतरी में इलाज के दौरान मौत हो गई।

# ग्राम खल्लारी में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम खलारी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने शुभारंभ किया। अब इस गांव सहित गुंडरदेही ब्लॉक के सभी ग्रामों में कचरे से एकत्रित होने वाली प्लास्टिक की कटिंग करके पीडब्ल्यूडी, आरईडी को बेचा जाएगा, जिससे गांव की आमदनी होगी। रिसाइकलर करके इसकी बिक्री से भी होगी।

- अब ब्लॉक के सभी ग्रामों में कचरे से एकत्रित होने वाली प्लास्टिक की कटिंग कर पीडब्ल्यूडी, आरईडी को बेचा जाएगा

विकासखण्ड गुंडरदेही के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य रफ्तार पकड़ने लगा हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की मंशा को जमीन पर उतारने के लिए प्रशासन ने ग्रामों के खेत खलिहानों तक पहुंची खतरनाक प्लास्टिक के सुनियोजित निस्तारण की दिशा में अब कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसी क्रम में खलारी ग्राम में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई स्थापित की गई। जनपद अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य ने गांवों में इस तरह के हो रहे कार्यों को खूब सराहा।

इस अवसर पर डोमन देशमुख सरपंच संघ अध्यक्ष, डोमन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, हितेश साहू सरपंच, महेंद्र जांगड़े अतिरिक्त सीईओ, दिनबंधु देशमुख, महेंद्र साहू, डीकेश्वर साहू, कृतिका साहू, हेमीन साहू, कुसुमलता साहू, सरिता साहू, स्वच्छता समिति के अध्यक्ष केसरी साहू, रामखिलावन साहू, पूरन साहू, कमल साहू सहित जनपद के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित थे।



### मिल का पत्थर साबित होगा यह कदम

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त किये जाने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। सूखे व गीले कचरे को अलग अलग करते हुये, सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में नो यूज की अवधारणा को अपनाते हुये अपने समाज, वातावरण को प्रदूषणमुक्त बना सकते हैं। इससे ग्रामों में एकत्रित होने वाले प्लास्टिक से इस कार्य में सेवा कर रहे लोगों को अतिरिक्त आय हो सकती है। वहीं जो प्लास्टिक जमीन की उर्वरा शक्ति को प्रभावित कर रहा है वह प्लास्टिक पुनः उपयोग किया जा सके सकेगा। इस कार्य से ग्राम में रोजगार के अवसर तैयार होंगे।






## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9425559113, 9425565082**
**दल्लीराजहरा - 9993246100**

### नकली शराब बिक्री के आरोप से 16 अभियुक्त दोष मुक्त

**बालोद।** अर्जुंदा थाना अंतर्गत दर्ज अपराध में 16 अभियुक्त दोष मुक्त हुए। मामला वर्ष 2017 का है। पुलिस द्वारा पेश अभियोग पत्र के अनुसार शराब में पानी मिलाकर विक्रय कर राज्य शासन के साथ अमानत में ख़यानत करते हुए गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप पर तत्कालीन बीजेपी सरकार के निर्देश पर बालोद जिला पुलिस ने रायपुर, कोलकाता और अन्य राज्य से आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वर्ष 2017 को गांधी जयंती (शुष्क दिवस) के पूर्व रात्रि में अर्जुंदा देशी शराब भट्टी से 30 पेटी शराब में पानी मिलाकर, नक़ली ढक्कन, होलोग्राम और रैपर लगाकर मिलावटी शराब विक्रय करने की शिकायत होने पर जिला पुलिस बालोद ने जांच के दौरान कुल 16 आरोपी को गिरफ्तारी किया था। मामले में जैसे ही सहायक आबकारी उप निरीक्षक और डिप्टी कलेक्टर का नाम आने के बाद पूरक चालान बाद में पेश करने की अनुमति पश्चात न्यायालय में अभियोगपत्र पेश किया गया था। 9 आरोपीगण की ओर से अधिवक्ता भेष कुमार साहू ने आईपीसी की धारा 409, 467, 471, 120 बी, 34 और कॉपीराइट एक्ट के तहत लगाए गए आरोपों का बचाव करते हुए न्याय व विधि सम्मत परीक्षा उपरांत न्यायाधीश संजय सोनी द्वारा सभी आरोपीगण को दोषमुक्त करने का निर्णय पारित किया गया ।

# कांग्रेस प्रत्याशी आकाश की नामांकन रैली में भूपेश, महंत समेत दिग्गज नेता हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा की नामांकन रैली के बहाने कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाई। रैली में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत कई दिग्गज नेता और बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। नामांकन रैली से पहले गांधी मैदान पर कांग्रेस की सभा हुई, जिसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, झारखंड और महाराष्ट्र के साथ-साथ रायपुर दक्षिण का उप चुनाव हो रहा है। सरकार के ग्यारह महीने की नाकामी को उपचुनाव के माध्यम से आईना दिखाना है। पूरे प्रदेश में अपराध, बेरोजगारी और गरीबी बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ की पढ़ाई निम्न स्तर पर जा रही है। रायपुर अपराध और नशा का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा, शहर की जनता ने बृजमोहन को वोट देकर चुनाव जिताया था, लेकिन भाजपा बृजमोहन और सुनील सोनी को निपटाने पर तुल गई है। हमारे प्रत्याशी को बाहरी कहा जा रहा है, वो भी बृजमोहन अग्रवाल कह रहे हैं, तो मुझे शर्म आ रही है। पूरे दक्षिण में ज्यादातर लोगों का पता बाहर का है, ये आकाश शर्मा का नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ियों का अपमान है।

भूपेश बोले- आकाश को बाहरी बताकर भाजपा ने किया छत्तीसगढ़ियों का अपमान



## सोनी की झूठी उपलब्धि गिना रहे : बघेल



भूपेश बघेल ने कहा, बृजमोहन, सुनील सोनी की झूठी उपलब्धि गिना रहे हैं। महापौर, आरडीए अध्यक्ष और सांसद रहते हुए सुनील सोनी ने एक काम नहीं किया है। दक्षिण की जनता अब ऊब गई है, इस बार बदलाव तय है। हमारे प्रत्याशी युवा आकाश हैं, जिनके साथ पूरे दक्षिण का आशीर्वाद है। भाजपा ने बृजमोहन के चेहरे को हटा दिया और मिटा दिया है।

## युवा शक्ति को हमें दिखाना है : महंत



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा, हमारे नौजवान साथी आकाश शर्मा को टिकट मिला है, तो हम सभी को युवा जोश के साथ चुनावी मैदान पर उतरना है। आलाकमान ने आकाश पर भरोसा जताया है। युवा शक्ति को हमें दिखाना है।

## इस बार भाजपा का इतिहास बदलेगा : बैज



प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा का नामांकन फॉर्म भरने आए हैं। ऐतिहासिक जनसैलाब और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति उनके जीत का बहुत बड़ा संदेश दे रही है। हमारे प्रत्याशी, भाजपा का इतिहास बदलकर जीत दर्ज करेंगे।

## खबर संक्षेप




### रेरा ने 412 बिल्डरों को थमाया नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने वाले 412 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। संबंधित बिल्डर्स द्वारा समय पर त्रैमासिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है। कुछ योजनाएं निर्धारित समय के बाद भी पूर्ण नहीं हुई हैं, उन्हें भी नोटिस दिया गया है। 15 दिनों के भीतर ऑनलाइन जानकारी अपडेट करने तथा योजना अपूर्ण होने की स्थिति में कारण बताते हुए समय विस्तारण के लिए आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों का पालन नहीं करने पर रेरा द्वारा संबंधित बिल्डर्स/प्रमोटर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

### 24 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक 24 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। गुरुवार को सुंदर समाज पार्टी से रामकुमार अजगल्ले, सर्व आदि दल से अंकुश बरीयेकर, धूं सेना से नीरज सैनी, निर्दलीय से जितेंद्र शर्मा, अखिल भारतीय जनसंघ से रवि कुमार श्रीवास, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से अखिलेश ब्रम्हदेव, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी से मजहर इकबाल, निर्दलीय से मनीष श्रीवास्तव ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

### बलरामपुर थाने में मौत, की जांच करेगी कांग्रेस समिति

**रायपुर।** बलरामपुर के कोतवाली थाने में जिला अस्पताल के भृत्य की पुलिस प्रताड़ना में हुई मौत के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने डॉ. अजय तिर्की की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया है। समिति के अन्य सदस्यों में शफी अहमद, राजेंद्र तिवारी, केपी सिंह, मधु गुप्ता, लाल साय, सीमा सोनी और दिनेश यादव को शामिल किया गया है। समिति वहां का दौरा का पीसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

### राष्ट्रीय समूहगान स्पर्धा में केपीएस स्कूल ने मारी बाजी

**रायपुर।** भारत विकास परिषद के अखिल भारतीय कार्यक्रम 'अंतर्शालेय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता' का प्रथम चरण (जिला स्तरीय) उमरिया रायपुर स्थित वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल में हुआ। इस अखिल भारतीय स्पर्धा में तीन अलग-अलग भाषाओं हिंदी, संस्कृत व क्षेत्रीय या प्रांतीय भाषा या बोली के गीतों के कार्यक्रम के लिए 10 शालाओं से प्राप्त प्रविष्टियों में से 6 शालाओं, द आरंभ स्कूल, वेंकटेश्वर सिग्नेचर स्कूल, आदर्श विद्यालय मोवा, दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल, कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा, लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला व कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना का चयन इस प्रथम चरण की प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिनमें कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना सर्वश्रेष्ठ टीम (प्रथम) चुनी गईं। नगर के तीन ख्यातिप्राप्त संगीत साधक जेपी शर्मा, समीर भट्टाचार्य एवं पापिया सरकार ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महेश बिड़ला, भगवती प्रसाद शर्मा, डॉ. सौम्या रघुबीर के अलावा कर्नल सुनील मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बृजमोहन बोले- सुनील के विधायक बनने से विकास डबल गति से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वरिष्ठ नेता व सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी बनाने पर सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ताओं में ही नहीं, अपितु जनता में भी एक विश्वास का वातावरण है, सुकून का वातावरण है। रायपुर दक्षिण विस क्षेत्र की जनता को लगता है कि श्री सोनी ही बृजमोहन द्वारा कराए गए कामों की रक्षा और दक्षिण विधानसभा को उससे भी ज्यादा तेज गति से विकसित करेंगे, क्योंकि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है, दिल्ली में भी भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ सरकार से भी पैसे आएंगे और चूंकि बृजमोहन सांसद बन गए हैं, तो केंद्र सरकार से भी पैसे आएंगे और दोगुनी गति से रायपुर शहर के साथ-साथ दक्षिण विधानसभा का विकास होगा। श्री अग्रवाल ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर कहा, आकाश शर्मा को तो एक फीसदी जनता भी नहीं पहचानती है। इसलिए हम दक्षिण विधानसभा की जनता से आह्वान करते हैं कि वह अपने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा को रिकॉर्ड जीत का सेहरा पहनाए। श्री अग्रवाल ने दोहराया, रायपुर दक्षिण को एक नहीं, दो विधायक मिलेंगे। एक परमानेंट बृजमोहन, जिसे 35 साल तक जनता ने आशीर्वाद दिया है और वह कभी इसको भूल नहीं सकते। रायपुर दक्षिण के विकास के लिए अपने लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ वह हमेशा तत्पर रहेंगे और किसी भी प्रकार की कोई समस्या दक्षिण के लोगों को नहीं आए, इसके लिए सुनील सोनी पूरी तरह काम करेंगे।

■ कांग्रेस प्रत्याशी को तो एक फीसदी जनता भी नहीं जानती

### गिनाए सुनील सोनी के काम

*भाजपा प्रत्याशी श्री सोनी के कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, रायपुर शहर में अगर सिटी बस का संचालन, नगर निगम का भव्य कार्यालय व्हाइट हाउस, विश्व की सबसे बड़ी स्वामी विवेकानंदज की बैठी हुई मूर्ति की बूढ़ा तालाब में स्थापना, स्वच्छ पेयजल के लिए 33 पानी टंकियों का निर्माण, आम आदमी गरीब आदमी के लिए 10 से ज्यादा शादी घर और सामुदायिक भवन, स्मार्ट सिटी के लिए 365 परियोजनाओं के लिए लगभग 1000 करोड रुपए की स्वीकृति, रायपुर में एयरपोर्ट जैसा रेलवे स्टेशन बनाने के लिए अमृतकाल रेलवे स्टेशन योजना के लिए 480 करोड रुपए की स्वीकृति श्री सोनी के कार्यकाल में हुए हैं। रायपुर शहर का जो नया स्वरूप दिखाई देता है, उसकी नींव रखने वाले रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी हैं। उपचुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा, राजधानी रायपुर का अगर व्यवस्थित विकास हुआ है उस विकास को करने में महत्वपूर्ण भूमिका बृजमोहन अग्रवाल, सुनील सोनी व राजेश मूणत की रही है।*

## भाजपा संगठन चुनाव - 2024

# बालोद जिले के लिए नीलू शर्मा बनाए गए चुनाव अधिकारी







■ सह अधिकारी राकेश एवं लोकेश किए गए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी राज्य में वर्ष 2024 के संगठन चुनाव कराने के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारी व सह अधिकारियों की नियुक्ति की गई।

प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा को बालोद जिले के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारी बनाया गया है। सहअधिकारी जिला महामंत्री व सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव एवं जिला कार्यालय प्रभारी लोकेश श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया।

दोनों की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर,यशवंत जैन, यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, जिला महामंत्री चेमन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष किशोरी साहू, देवेंद्र जायसवाल, नरेश यदू, त्रिलोकी साहू, संध्या भारद्वाज, अनीता कुमेटी, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सह कोषाध्यक्ष मोहन जैन, जिला मंत्री नरेश साहू, सुरेंद्र देशमुख, शरद ठाकुर, जयेस ठाकुर, अमित चोपड़ा, अंबिका यादव, कृतिका साहू, कमलेश सोनी, जिला मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, सुरेश निर्मलकर, कौशल साहू, रुपेश सिन्हा, टिनेश्वर बघेल, प्रणेश जैन, मनीष झा, राकेश द्विवेदी, दुष्यंत सोनवानी, जिला मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, अकबर तिगाला टोमन साहू, दीपा साहू शुभ सिंह कुरेटी, धनेश्वर मिश्रा चित्र सेन साहू, नरेंद्र सोनवानी, संतोष कौशिक, विनोद कौशिक, शिव धरमगुडे, हरिश कटझरे, विवेक वैष्णव, रिंकू राजीव शर्मा, संदीप सिन्हा, अब्दुल इब्राहिम, सोमेश सोरी, वीरेंद्र साहू, युसूफ खान, संजय साहू, टुकेश्वर पांडे, विक्रम लालवानी, प्राची लालवानी, सुनीता मनहर, शेखर वर्मा, विनोद गिरी गोस्वामी व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## निकाय-पंचायत चुनाव आरक्षण ओबीसी आयोग ने सौंपी रिपोर्ट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए बने छत्तीसगढ़ पिछड़ावर्ग कल्याण आयोग ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट दी है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन व अन्य अधिकारी मौजूद थे। बताया गया है कि सरकार अब इस रिपोर्ट के संबंध में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में विचार करेगी। आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस श्री विश्वकर्मा ने हरिभूमि को बताया गया कि अभी जो रिपोर्ट सरकार को सौंपी गई है, उसमें नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण के संबंध में अनुशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि जब आयोग का गठन किया गया था तो उसमें कई बिंदुओं के आधार पर जानकारी जुटाने तथा अध्ययन कर रिपोर्ट देने कहा गया था। लेकिन राज्य में निकाय और पंचायतों के चुनाव जल्द होने वाले है इसलिए फिलहाल आरक्षण संबंधी अनुशंसा ही की गई है। इसके अलावा यह आयोग के हिस्से यह काम भी दिया गया था। राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन। राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आंकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं के लिए कौशल उन्नयन कार्यकमों और प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा जैसे बिंदु भी शामिल है।

## बृजमोहन ने दक्षिण की जनता को दिया धोखा, उपचुनाव में लेगी बदला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बृजमोहन दक्षिण विधानसभा की जनता के हितैषी होते तो वह विधायक पद से इस्तीफा नहीं देते। उन्होंने दक्षिण की जनता के साथ विश्वासघात और जनमत का अपमान किया है। जनता उपचुनाव में भाजपा और सोनी को हराकर बृजमोहन को सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, बृजमोहन 35 साल तक दक्षिण विधानसभा को विकास कार्यों से दूर रखा है। उनके चलते ही दक्षिण विधानसभा, उत्तर और पश्चिम विधानसभा में हुए विकास के मुकाबले में पिछड़ी हुई है। 15 साल के भाजपा सरकार में ताकतवर मंत्री थे, उसके बावजूद दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में जनता मूलभूत की समस्याओं से जूझते रही है। सुनील सोनी, बृजमोहन के हाथों की कठपुतली है।


वे मुगालते में है कि दक्षिण विधानसभा की जनता उनकी गुलाम है और वो जो कहेंगे जनता करेगी। बृजमोहन मंत्री और विधायक रहते दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के पार्षदों को जिता नहीं पाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने एक युवा चेहरा, सक्रिय नेता आकाश शर्मा को दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। उनके आगे निष्क्रिय सांसद सुनील सोनी बौना साबित हो रहे हैं।

# हर महीने 11 सौ मेंटेनेंस चार्ज फिर भी बिल्डिंग जर्जर, लिफ्ट खराब व सुरक्षा गार्ड भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के सेक्टर-27 में बनी 18 मल्टी कालोनी फ्लैट्स बिल्डिंग की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। ये बिल्डिंग पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है, जिसके कारण यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

इस बिल्डिंग में न ही सुरक्षा गार्ड की तैनाती की गई है और न ही लिफ्ट के लिए कोई ऑपरेटर रखा गया है। इसके कारण बार-बार लिफ्ट भी खराब होती रहती है, जिसके कारण यहां के रहवासियों को हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बिल्डिंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि पानी और बिल्डिंग मेंटनेंस के नाम पर हर महीने रहवासियों से 11 सौ रुपए लिया जाता है, इसके बाद भी उन्हें सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।



### मंत्री से शिकायत

18 मल्टी के रहवासी मनोहर दुबे ने बताया कि कालोनी वासियों से हर महीने मेंटनेंस चार्ज लिया जाता है, लेकिन न ही जर्जर हो चुकी बिल्डिंग की मरम्मत कराई जा रही है और न ही सुरक्षा गॉर्ड या लिफ्ट ऑपरेटर रखा गया है। यही नहीं, लिफ्ट बार-बार खराब हो जाती है, जिसके कारण लोगों को 7 मंजिल बिल्डिंग में चढ़ने-उतरने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करना पड़ता है। यही नहीं, कालोनी परिसर में आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है, जिसके कारण भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मनोहर दुबे ने बताया कि कालोनीवासियों की समस्या दूर करने के लिए उन्होंने आवास एवं पर्यावरण विभाग के मंत्री ओपी चौधरी को शिकायत पत्र लिखकर जल्द से जल्द समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

## पटवारी फसल के साथ लाइव फोटो खींचकर एप में कर रहे अपलोड

# धान खरीदी से पहले भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नवंबर से शुरू होने जा रही है। इसके पूर्व किसानों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, जिसकी जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है। इसके तहत पटवारी द्वारा गिरदावरी के अनुसार जिस खसरा नंबर भूमि पर धान बोया गया है, वहां जाकर फसल के साथ वे अपनी लाइव फोटो खींचकर उसे विभाग के पीवी एप में अपलोड कर रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि फसलों का भौतिक सत्यापन करने के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला जहां गिरदावरी के दौरान किए गए कार्य का सत्यापन होगा, वहीं दूसरा धान उपार्जन के दौरान धान री-साइकलिंग को नियंत्रण किया जा सकेगा।



### 11 लाख खसरों में 50 हजार का किया जाएगा सत्यापन

गिरदावरी के अनुसार रायपुर जिले में खरीफ वर्ष 2024-25 में 11 लाख खसरों की जमीनों पर धान की बोवाई की गई है, जिनका 5 प्रतिशत यानी 50 हजार खसरों की फसलों का भौतिक सत्यापन किया जाना है। विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। इसके लिए विभाग ने पीवी एप बनाया है। इस एप के जरिए पटवारी को चयनित गांव में जाकर फसल का भौतिक सत्यापन करना है।

### गांव का नाम सहित दो कोण से खींचकर अपलोड करनी है फोटो

पटवारी को भौतिक सत्यापन के लिए चयनित गांव में जाकर एप के जरिए खसरा नंबर की फसल का अलग-अलग कोण से अपनी फोटो के साथ दो फोटो खींचनी है। इन फोटो को गांव के नाम के साथ एप में अपलोड करना है।

### भौतिक सत्यापन में बरती जा रही सावधानी

भौतिक सत्यापन कराने में विभाग द्वारा खासा सावधानी बरती जा रही है। इसके लिए पटवारियों को उनके गांव क्षेत्र की जगह दूसरे गांव क्षेत्र के खसरा फसलों का सत्यापन कराया जा रहा है ताकि गिरदावरी के दौरान अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बरती गई है तो भौतिक सत्यापन में इसका पता चल सके।

### 31 तारीख तक करना है सत्यापन

जिले में करीब 11 लाख खसरों में धान की बोवाई हुई है। इनमें 5 प्रतिशत खसरों की फसलों का पटवारियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन काम 31 अक्टूबर तक किया जाना है।

- भूपेंद्र कुमार मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# जोगी कांग्रेस ने दिया आकाश को समर्थन

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत को पत्र सौंपा है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक रेणु जोगी एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक अमित जोगी के इस पत्र में उल्लेख है कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव में साम्प्रदायिक ताकतों को रोकने हमारी पार्टी आकाश शर्मा को निःशर्त समर्थन करने की घोषणा करती है एवं क्षेत्र के मतदाताओं को उनका अमूल्य वोट देने की अपील करती है। जोगी कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने जोगी कांग्रेस के इस समर्थन पत्र को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, एआईसीसी प्रभारी विजय जांगिड़, जरिता लेफ्तलांग, संपथ कुमार को अवलोकन कराया और शीर्ष नेतृत्व को अवगत कराने आग्रह किया। उन्होंने जोगी कांग्रेस के इस समर्थन का आभार जताया है। उन्होंने कहा, दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में इससे हमारी ताकत और भी मजबूत होगी।

## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, गोढ़ी निवासी धर्मेंद्र बैस ने सुनील तथा अनिल यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि सुनील किसी अन्य के साथ शराब पीकर उसके चाचा के साथ विवाद कर रहा था। विवाद होने की जानकारी मिलने पर वह सुनील को समझाने के लिए गया। इस बात से नाराज होकर सुनील ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर धर्मेंद्र के साथ मारपीट की।

### गांजा के साथ उत्तरप्रदेश का किशोर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश, कौशांबी के रहने वाला एक 17 वर्षीय किशोर को गांजा तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, किशोर के कब्जे से दो लाख रुपए कीमत का 10 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर गांजा तस्करी कर ट्रेन रूट से यूपी गांजा ले जाने की फिराक में था।

### जुआ खेलते देख रहे भाइयों पर चाकू से हमला

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, सोनू गुप्ता ने चंदन साहनी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सोनू ने पुलिस को बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ राजीव नगर गया था। एक प्लास्टिक फैक्ट्री के पास कुछ लोग झुंड बनाकर जुआ खेल रहे थे, जिसे दोनों भाई देखने के लिए पहुंच गए। इस बात से नाराज होकर चंदन ने सोनू तथा उसके भाई के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। और मौके पर उपस्थित चंदन के साथियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की।

### बौद्ध समाज ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बौद्ध महासंघ और यशोधरा महिला संघ बिरगांव द्वारा करुणा बुद्ध विहार में वर्षावास का समापन और धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन ने भगवान बुद्ध को प्रणाम किया। इस मौके पर बौद्ध समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर, बौद्ध भिक्षु भिक्कू बुद्ध रत्नजी बालाघाट वाले को धम्म देशना के लिए आमंत्रित किया।

**बैठक : जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक**

# खनिज न्यास की राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी समिति की बैठक कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद भोजराज नाग, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, जिला पंचायत के अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा सहित पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के सचिव डॉ. संजय कन्नौजे, वनमण्डलाधिकारी बीएस सरोटे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारियों के अलावा सदस्य एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

■ कार्यों में गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक: सांसद

बैठक में सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के सदस्यों ने राशि का उपयोग पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सड़क निर्माण कार्यों के लिए करने पर जोर दिया।

बैठक में सांसद भोजराज नाग ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान द्वारा स्वीकृत राशि का सदुपयोग करते हुए कुआं, तालाब आदि का निर्माण निर्धारित स्थान पर ही कराए जाए। उन्होंने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान की राशि आवश्यकतानुसार जिले के सभी क्षेत्रों के लिए आवंटित की जाएगी।




### विधायकों ने भी राशि उपयोग के लिए दिए सुझाव

बैठक में विधायक अनिला भेड़िया, संगीता सिन्हा, कुंवर सिंह निषाद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने भी जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि के उपयोग के संबंध में अपने सुझाव दिए। कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला खनिज न्यास संस्थान के राशि का उपयोग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्था के राशि का उपयोग जिले के जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए किया जाएगा।

### 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधानः पूजा

बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खनिज न्यास संस्थान की नोडल अधिकारी पूजा बंसल ने जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत विगत वर्षों के कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला खजिन न्यास संस्थान के पास उपलब्ध निधि का कम से कम 60 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता क्षेत्रों में उपयोजित करने का प्रावधान हैं।

### उच्च व अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्र

नोडल अधिकारी पूजा बंसल ने बताया कि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के तहत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य संम्बद्ध गतिविधियां, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं निशक्तजन के कल्याण, कौशल एवं विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, सतत जीविकोपार्जन के अलावा जन कल्याण के कार्यों के लिए इस राशि का उपयोग किया जाएगा।इसी तरह न्यास के शेष 40 प्रतिशत राशि को अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उपयोजित किये जाने का प्रावधान है। इसके अतंर्गत न्यास के 40 प्रतिशत राशि का उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के अतंर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सर्वाजनिक परिवहन, युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा मूलभूत सुविधाओं के लिए किया जाएगा।

# राष्ट्रपति ने ईशा को दिया गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

नवागांव सुरपा निवासी सोनराज जैन की पोती ईशा जैन पिता कांतिलाल जैन को एनआईटी रायपुर के 14 वे दीक्षांत समारोह रायपुर में शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि ईशा जैन बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन बायोमेडीकल इंजीनियरिंग में 2023 में एनआईटी रायपुर पास आउट हुई थी। विदित हो कि ईशा जैन इन दिनों छत्तीसगढ़ से बाहर अपनी सेवाएं दे रही है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने बताया कि सरलता मानवता का आभूषण है। ईशा जैन ने कहा कि पिता माता घर परिवार का संस्कार और सपोर्ट ने मनमाफिक मंजिल पाने में जो मदद की है। वह तो जीवन कृतज्ञता का विषय है। उन्होंने कहा संतान कितनी भी ऊंचाई छू लें, माता पिता की छत्र छाया तले ही वह उम्दा ढंग से फल फूल खिली रह सकती है। ईशा ने कहा कि गांव और शहर से हम सबका गहरा नाता है। गांव में खेत खलिहान है शहर में कारोबार है। हम सौभाग्य शाली है गांव की सरलता और शहर का मार्डन कल्चर दोनों को फेश करने में कोई परेशानी नहीं आती। ईशा ने कहा कि सरलता किसी आभूषण से कम नहीं होती। ईशा जैन के पिता कांतिलाल जैन ने कहा कि ईशा बचपन से पढ़ाई में कुशाग्र है।संस्कार की प्रबल पक्षधर बिटिया को पढ़ाई में आगे बढ़ने में परिवार के सभी सदस्यों का हर पल सहयोग निरंतर मिला। बेटी की मेहनत रंग लाई परिवार को गौरांवित किया।

■ एनआईटी रायपुर के 14 वे दीक्षांत समारोह

# जनजाति समाज का इतिहास है गौरवशाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय आईटीआई में जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जनजातीय समुदाय की संस्कृति, उनकी उपलब्धियों और उनके योगदान को सम्मानित करना है। यह दिवस जनजातीय समुदाय के अधिकारों और हितों को बढ़ावा देने के लिए भी मनाया गया।

■ नगर के आईटीआई में आयोजित किया गया जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव

इसमें मुख्य अतिथि होरीलाल रावटे जिला पंचायत सदस्य ने जनजातीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि को सम्मानित करने के लिए एवं शिक्षा जागरूकता पर संबोधित किया। मुख्य अभ्यागत टेकराम भंडारी पूर्व महामंत्री हल्बा हल्बी केंद्रीय महासभा छत्तीसगढ़ जनजातीय समुदाय के योगदान को पहचानने और सम्मानित करने के लिए जैसे कि स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका को पहचानने की बात कही। अध्यक्षता आर के कुर्रे प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू ने आदिवासी नायक रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, कंगला मांझी के योगदान के बारे में बताया। संस्था में जनजाति गौरव स्मृति महोत्सव के अंतर्गत जनजाति समाज को सम्मानित करने के लिए रंगोली, भाषण, कविता, पौधारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसमें सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी पीएल साहू, सेबिया साहू एवं वरुण कुमार साहू द्वारा किया गया।





इस अवसर पर संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक जीआर ठाकुर, प्रशिक्षण अधिकारी सीके देशमुख, ओपी देवांगन, निर्मला गायकवाड, डीआर मढरिया, संजय कुमार भगत, शीतल कुमार साहू, अनिल कुमार साहू, गुलाब कुर्रे, पूजा देवांगन, एस सोनी, आरके कोसले, नीरज यादव, वासुदेव देवांगन, इश कुमार, सुजीत कोरेटी, मनोहर लाल, आरके नायक, सारथी, ओपी बारले, सिंपा बर, योगेश कुमार, अंकित रात्रे, निर्देश कुमार, राम कुमार साहू, संतुलाल ठाकुर, सोहन निषाद, खिलानंद ठाकुर, आशीष साहू, रामेश्वर एवं अन्य समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ और उप अभियंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा लगातार वार्डों का निरीक्षण की हिदायत दी जा रही है। वार्ड निरीक्षण की इस कड़ी में अशोक चौबे मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उमयंती ठाकुर उप अभियंता नगर पंचायत द्वारा शुक्रवार को प्रातः 7 बजे समस्त सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड 11 तहसील परिसर के पास स्थित शौचालय में पानी की व्यवस्था के लिए बोर खनन, शौचालय का रंग रोगन, शीट मरम्मत आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया, वार्ड 1 शिव मंदिर के पास स्थित शौचालय में भी रंग रोगन शीट मरम्मत टाईल्स मरम्मत आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। वार्ड 1 में निर्माणाधीन सीसी रोड का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड 11 पैथोलाजी लैब के पास स्थित शौचालय एवं प्रगति स्कूल के पास स्थित शौचालय का भी निरीक्षण किया गया। वार्ड 14 में निर्माणधीन नाली का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाली के समीप मिट्टी के ढेर को उठाने के लिए निर्देशित किया गया।

वार्ड 12 में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार कर्मचारियों द्वारा नालियों में फिनाइल का छिड़काव किया गया। प्रतिदिन साफ-सफाई करने स्वच्छता प्रभारी को निर्देशित किया गया तथा मटन मार्केट का निरीक्षण के दौरान नल कनेक्शन लगाने प्लम्बर को निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड 7 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत आवासों का निरीक्षण करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

# जिला स्तरीय राज्योत्सव होगा पटेल मैदान में 5 नवंबर को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में 5 नवंबर को जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में राज्योत्सव समारोह के आयोजन सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में राज्योत्सव समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करें। राज्योत्सव समारोह स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग, जिला पंचायत एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, सी.एस.एस.डी.ए. विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, जिला पंचायत एन.आर.एल.एम., पशु चिकित्सा विभाग, शक्कर कारखाना, खादी ग्रामोद्योग हथकरघा, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, जिला अंत्यावसायी विभाग, नगरपालिका परिषद बालोद, वन विभाग एवं जनसम्पर्क विभाग को सौंपी गई है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है आवेदक भानूप्रताप पिता श्री पवन कुमार, जाति कुर्मी, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 15 खप्परवाडा, थाना व तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका दीपमाला आ. श्री लोचन, जाति सतनामी, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम देवरी (ख), पो. विनायकपुर वार्ड नं. 11 थाना व तह. गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 18/11/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 24/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
अगामी तिथि- 18/11/2024



मुहर

अपर कलेक्टर एवं
विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं
मॉड्युलर किचन
आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000
₹ 90,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का
ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ की बैठक आज

**गुरूर।** तहसील साहू संघ गुरूर कार्यकारिणीय एवं न्याय प्रकोष्ठ की बैठक 26 अक्टूबर को 11 बजे तहसील साहू सदन कोलिहामार (गुरूर) में रखी गई है। बैठक मे अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। उक्त बैठक में तहसील पदाधिकारीगण, समस्त प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह–संयोजकगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### अरमरीकला महाविद्यालय में जनजातीय समाज का कार्यक्रम आज

**बालोद।** जिले के गुरूर विकासखण्ड के शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला में 26 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत एवं उनके ऐसिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोण्डवाना समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष एवं जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला के प्राचार्य डॉ. यशवंत कुमार साव करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में हल्बा समाज के अधिकारी–कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक होंगे। इसके अलावा कार्यक्रम के सहवक्ता के रूप में वनवासी समाज के सचिव कृष्णा साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय मदनलाल साहू महाविद्यालय अरमरीकला के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों एवं वक्ताओं के द्वारा जनजातीय समाज के अतीत एवं राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में उनके योगदानों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

### ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन जारी

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन की तिथि 31 दिसम्बर तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक 1 नवबंर से 15 जनवरी एवं सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने की तिथि 1 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक की जा सकती है। इसके पश्चात शिक्षा सत्र 2024–25 के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन ऑनलाईन आवेदन, ड्राफ्ट प्रपोसल लॉक एवं सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासकीय या अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग, पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत बालोद जिले के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्रता रखने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# दीये बनाने घूमने लगे कुम्हारों के चाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम गुरेदा (डंगनिया) में जागेश्वर कुम्हार, डेहर लाल कुम्हार, देव किशन, राज बाई कुम्हार लगभग 20 सालों से इलेक्ट्रानिक चाक से मिट्टी के दीये बना रहे हैं। दीपावली नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों में सभी कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है।

■ घरों को रोशन करने दिन रात मेहनत कर रहे



**चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये :** हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्षभर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।

### मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा

दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। दीप पर्व पर मिट्टी के दीये से घर रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना महत्व भी है। ऐसे में दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।



## दो साल पहले बजट सत्र में पास हुआ निर्माण का प्रस्ताव, अब फाइल का अतापता नहीं

# सपना बनकर रह गया पाररास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित पाररास रेल्वे फाटक में तीन वर्ष पूर्व ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव बजट सत्र 2022 में पास हुआ था, लेकिन सर्वे के बाद निर्माण कार्य की फाइल किस दफ्तर में जाकर लटकी है किसी को कुछ पता नहीं है। आज भी क्षेत्रवासियों को ओवर ब्रिज का इंतजार है।

जिला मुख्यालय से राजनांदगांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर रोजाना ही दोपहियां से लेकर बड़े मालवाहक वाहन का सैकड़ों की संख्या में आवागमन लगा रहता है। इस मार्ग पर स्थित पाररास रेल्वे फाटक में रेल गाड़ीयों के आवागमन के समय फाटक बंद होने के कारण मार्ग से आने जाने वालो लोगों को फाटक के खुलने तक बहुत ज्यादा इंतजार करना पड़ता है।

जिसके कारण आपातकालीन वाहनों के साथ ही अन्य जरूरी काम में जाने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण कई लोग समय पर अपने गतव्य तक नहीं पहुंच पाते और वहीं आपातकालीन वाहन एम्बुलेंस को भी फाटक के बंद होने के कारण लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कई बार देखा गया है कि एंम्बुलेंस में ही गर्भवती महिलाओं का प्रसव होने की खबर सामने आ चुकी है।



### निर्माण से पहले हटाये गये थे अवैध कब्जे

पाररास रेल्वे फाटक में ओवर ब्रिज बनाने के बारे में शासन प्रशासन को आम जनता द्वारा कई बार आवेदन सौंपने के बाद भी ओवर ब्रिज निर्माण का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। तीन साल पहले वर्ष 2022 में इसके बारे में शासन द्वारा बजट में प्रस्ताव लाकर ओवर ब्रिज बनाने की बात कही गई थी, जिसके बाद जमीनी जांच का कार्य भी किया गया था और सड़क किनारे लगे आस पास के अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई थी।

### वीआईपी भी फंस चुके हैं इस मार्ग पर

बता दें कि फाटक बंद होने के बाद इस मार्ग में सिर्फ आमजनता ही नहीं बल्कि वीआईपी जैसे मंत्री, विधायक, सांसद भी फंसकर इस समस्या से जूझ चुके हैं, इसके बाद भी उनके द्वारा इस ओर कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसके कारण से आम जनता को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# शिविर में 186 पशुओं का उपचार कर औषधि दी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही के अंतर्गत ग्राम राहुद में पशुपालन केसीसी ऋण शिविर एवं निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें उपस्थित पशुपालकों में पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन केसीसी ऋण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गौवंशीय पशु, भैंसवंशीय पशु, भेड़, बकरी, सुकर एवं मुर्गी पालन के लिए पशुपालन केसीसी ऋण का आवेदन किया जा सकता है। इसमें एक लाख तक के ऋण का ब्याज 0 प्रतिशत है। इसमें अधिकतम 3 लाख तक न्यूनतम दर पर ऋण लिया जा सकता है। निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में 45 पशुपालकों के 186 पशुओं में पशु उपचार व औषधि वितरण की गई।

■ राहुद में आयोजित किया गया पशुपालन केसीसी ऋण एवं नि :शुल्क पशु चिकित्सा शिविर

शिविर में पशुधन विकास विभाग से डॉ. मौसमी यादव प्रभारी पशु चिकित्सालय गुण्डरदेही, डीआर साहू सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रोशन साहू, सेवा सहकारी समिति से कुंदन साहू, दुर्वासा राम साहू सचिव, दिलीप कुमार निर्मलकर रोजगार सहायक, डॉ. लोकनाथ साहू, पुनीत राम साहू, छन्नूलाल साहू, चेतन साहू, दीपक साहू, पशु सखी सोमन बाई साहू एवं कृषि सखी धनेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## फसल कटाई का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर ...



**गुरूर।** ब्लॉक मुख्यालय में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल कटाई निरीक्षण किसानों के खेतों में जाकर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर, सहायक कृषि विकास अधिकारी पूर्णिमा भार्गव, कृषि विस्तार अधिकारी राजेश पटेल, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कोविद मेश्राम द्वारा किसान नोहर साहू के खेत में जाकर फसल कटाई का निरीक्षण किया गया।

# मोतियाबिंद के अब तक 626 ऑपरेशन हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र गुरूर में नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक बैठक हुई। बैठक सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में संपन्न हुई। अंधत्व नियंत्रण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इकाई बालोद के तहत विकासखण्ड गुरूर में मासिक बैठक ली गई। माह अप्रैल से अक्टूबर तक की मासिक प्रतिवेदन की समीक्षा की गई तथा आगामी माह में होने वाले कार्यों के बारे में समीक्षा की गई।

■ नेत्र सहायक अधिकारियों की मासिक बैठक दी गई जानकारी



बैठक में बताया गया कि मोतियाबिंद आपरेशन में अभी तक सर्वेक्षित 890 मोतियाबिंद में से 626 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन कराया जा चुका है, जो लक्ष्य से अधिक हो गया है, गुरूर का लक्ष्य 600 का है, जिसमें 626 मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है। ऑपरेशन जिला चिकित्सालय एवं अनुबंधित गैर सरकारी संस्थाओं में किया गया है। शालेय नेत्र परीक्षण के अंतर्गत माध्यमिक शालाओं में नेत्र परीक्षण का कार्य लगभग पूर्ण होने जा रहा है।

अंधत्व कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी के निर्देशन में तथा सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में हो रहा है। बैठक में विकासखण्ड के नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास, श्यामसुंदर देवांगन एवं टिकेश्वर साहू उपस्थित थे।

# तेन्दूपत्ता फड़ मुशियों ने मांगा 25 हजार प्रतिवर्ष मानदेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला लघु वनोपज फड़ मुंशी कर्मचारी संघ द्वारा मोदी की गारंटी एवं भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार छ.ग तेन्दूपत्ता फड़ मुशियों को 25000 प्रतिवर्ष मानदेय की राशि भुगतान करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मांग पत्र में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के अंतर्गत तेन्दूपत्ता फड़ मुशियों के प्रमुख मांग एवं समस्याओं के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कि चुनाव में तेन्दूपत्ता फड़ मुशियों को कमीशन के अतिरिक्त 25000 वार्षिक देने का वादा घोषणा पत्र में शामिल हैं। संघ ने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि तेन्दूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस के तहत प्रदेश में तेन्दूपत्ता का संग्रहण 5500 प्रति मानक बोरा में करेंगे। संग्रहण मौजूदा दिनों से बढ़ाकर 15 दिन तक किया जाएगा। चरण पादुका एवं अन्य सुविधाएं पुनः प्रदान की जाएगी। संघ ने कहा भाजपा द्वारा कहा गया था फड़ मुशीयों को कमीशन के अतिरिक्त 25000 वार्षिक मानदेय प्रदान करेंगे। लघु वनोपज फड़ मुंशी कर्मचारी संघ इसी के तहत 25000 वार्षिक मानदेय प्रदान करने की मांग कर रहा है।

■ प्रदेश सरकार को घोषणा पत्र की याद दिलाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गुरु बालदास और सोमेश साहेब के नगर आगमन पर जोशीला स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सतनामी स्वाभिमान दिवस पर गुरु बालदास साहेब नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सतनामी समाज के साथ गुरु सोमेश साहेब का आगमन कुछ समय के लिए गुण्डरदेही के रेस्ट हाउस में हुआ, जहां भव्य आतिशबाजी के साथ गुरुजनों का स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इसमें जिला सतनामी समाज बालोद अध्यक्ष संजय बारले, जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही अध्यक्ष नीलकंठ टंडन, तहसील सतनामी समाज अर्जुन्दा अध्यक्ष पुनारद गेंड्रे, संरक्षक गोपाल दास बंजारे, प्रवक्ता छबीलाल बंजारे, संगठन सचिव बालाराम कोसरे, कोर कमेटी सदस्य मानसिंह देशलहरा और बड़ी संख्या संत समाज ने भव्य स्वागत अभिनन्दन किया। इसकी सूचना तहसील सतनामी समाज गुण्डरदेही के मीडिया प्रभारी चमन जनार्दन ने दी।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**कुम्हारी।** नगर के खपरी रोड खदान पारा निवासी विक्की गोंड व उसके भाई विकास गोंड पिता आदेश गोंड को एक युवक के साथ मारपीट व नगर में स्थित शिवलिंग को खंडित कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में कुम्हारी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलें 21 अक्टूबर का बताया जा रहा है। मारपीट मामले में रितेश यादव पिता अशोक यादव 33 वर्ष निवासी महामाया पारा ने अपनी शिकायत में बताया कि पीने के लिए पानी लेने वह शिव मंदिर के पास स्थित पानी टंकी में गया था। यहां दोनों भाइयों ने हमला कर दिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा संरक्षण तथा सम्मान कार्यक्रम

# वृद्धों की सेवा है मानव का नैतिक कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रमुख प्रभारी प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने किया। प्राचार्य कोसरे ने बताया कि वरिष्ठों की सेवा, समाज सेवा तथा ईश्वर सेवा के समान है। वृद्धों की सेवा मानव का नैतिक उत्तरदायित्व है।

उन्होंने सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी आप बीती मंच के माध्यम से साझा की। कार्यक्रम के संयोजक अनिल कुमार साहू ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं इसे मनाए जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सहसंयोजक देवानंद वर्मा ने कार्यक्रम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा के दौरान बताया कि इनकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयत्नों से वृद्ध सम्मान तथा संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वृद्धों के प्रति सम्मान की भावना तथा समाज को उनके अनुभव का लाभ लेने की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए वरिष्ठजनों की सुरक्षा सम्मान तथा संरक्षण विषय पर जागरूक करने के लिए भाषण तथा निबंध का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कविता बीएससी अंतिम, द्वितीय साधना चूरेंद्र राजनीति विज्ञान तृतीय सेमे. तथा तृतीय स्थान पर मानसी जगनायक बीएस सी प्रथम सेमे. रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ईश्वर कुमार खरे, फुलेश्वरी ठाकुर, इलेश कुमार चंद्राकर, कुलेश्वर कुमार पटेल, नंदकिशोर सिन्हा एवं पंकज सुधाकर तथा अन्य प्राध्यापकगण कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



### कालेज में भाषण प्रतियोगिता

**भिलाई।** फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय, भिलाई द्वारा भिलाई महिला महाविद्यालय के सभागार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालेज की प्राचार्य डॉ. संध्या मदनमोहन थीं और अध्यक्षता एएफएसएनएल के महाप्रबंधक पकंज त्यागी ने की।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411